THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

DATE-31/07/2024 GRADE- 8 AB	CPE-1 [2024 -25] HINDI	Max marks- 20 Time –50 mins

सामान्य निर्देश :

1. **निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |**
2. **प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |**

प्रश्न		अंक
I	नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए	5x 1 = 5
	उबले आलू और मौसमी सब्जियों से भरकर बनाया गया भारतीय समोसा आज अमेरिका, अफ़्रीका, और मध्य पूर्व के देशों में खूब शौक से खाया जाता है। चटपटे उत्तर भारतीय व्यंजन अचार, दम आलू, पनीर टिक्का, छोले-भटूरे आदि पूरे विश्व में अपनी जगह बना चुके हैं। दक्षिण भारत के चावल और उड़द दाल से बने इडली, डोसा, साँभर-बड़ा आज सारी दुनिया के पसंदीदा नाश्ता हैं। भोजन के बाद पनीर से बनी हुई स्वादिष्ट बंगाली मिठाई रसगुल्ला खाना भला किसे पसंद नहीं ? मराठी और गुजराती थाली भी किसी से कम नहीं। महाराष्ट्र का वड़ा-पाव और पाव -भाजी की अपनी एक अलग पहचान है। गुजरात में तो सभी नमकीन व्यंजनों में भी थोड़ी चीनी भी डाली जाती है। गुजरात के 50 डिग्री से अधिक के तापमान से बचाव के लिए वहाँ के भोजन में नमक, चीनी और खट्टे का खूब प्रयोग होता है। इस तरह विविधता भरे भारतीय व्यंजन पूरे संसार में लोकप्रिय हो रहे हैं।	
	निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए -	

1.	अमेरिका, अफ़्रीका और मध्य पूर्व के देशों में कौन सा व्यंजन खूब शौक से खाया जाता है? (क) रसगुल्ला (ख) साँभर-वड़ा (ग) पनीर-टिक्का (घ) समोसा	
2.	इडली, डोसा, साँभर-बड़ा किस क्षेत्र के व्यंजन हैं ? (क)उत्तर भारत (ख) दक्षिण भारत (ग)पूर्वी भारत (घ) पश्चिमी भारत	
3.	रसगुल्ला किस चीज से बनाया जाता है? (क) पनीर से (ख) आलू से (ग) चावल और उड़द दाल से (घ) खट्टे से	
4.	महाराष्ट्र में कौन सा भोजन प्रसिद्ध है ?	
5.	भारतीय व्यंजन कहाँ प्रसिद्ध है ?	

	व्यावहारिक व्याकरण	
II	निर्देशानुसार रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए	
6.	बादल = __________ , _______________ [उचित पर्यायवाची शब्द पहचानिए] | A. भगवान , ईश्वर B. पेड़ ,तरु C. पानी , नीर D. मेघ , जलद	1 x 1=1
7.	रिक्त स्थान भरिए : - A. _____________ और बादल भगवान् के डाकिए हैं | [पंछी / पशु] B. बदलू _____________ लाख की चूड़ियाँ बनाते थे | [काका / मामा]	2 x ½ =1
8.	मामा - _____________[विपरीत लिंग चुनिए] A. मामो B. मामी C. चाची	1 x 1=1

	D. काकी	
9.	वाक्य के भेद लिखिए A. तुम कब आओगे ? B. मुझे पानी नहीं चाहिए |	2 x ½ = 1
10.	निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : - A. शहर x B. धरती x	2 x ½ = 1
	पाठ्यपुस्तक	
III	सार-आधारित प्रश्न (Extract Based Questions) 1)पक्षी और बादल, ये भगवान के डाकिए हैं, जो एक महादेश से दूसरे महादेश को जाते हैं। हम तो समझ नहीं पाते हैं मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं। **प्रश्न 1. कवि और कविता का नाम बताएं।** (क) कवि का नाम- रामधारी सिंह दिनकर, कविता का नाम- भगवान के डाकिए। (ख) कवि का नाम- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', कविता का नाम- ध्वनि। (ग) कवि का नाम- दीवानों की हस्ती, कविता का नाम- भगवतीचरण वर्मा। (घ) कवि का नाम- कबीर की साखियाँ, कविता का नाम- कबीरदास। **प्रश्न 2. पक्षी और बादल भगवान के डाकिए क्यों हैं ?** (क) क्योंकि ये ही भगवान के संदेश हम तक पहुंचाते हैं। (ख) बादल वर्षा करते हैं और पक्षी आनंदित होते। (ग) इनका प्रकृति से अटूट रिश्ता है। (घ) डाक इधर-उधर ले जाते हैं।	3x 1 =3

	प्रश्न 3. भगवान के डाकिए किसे कहा गया है? (क) हवा और पानी को (ख) पक्षी और बादल को (ग) पक्षी और पहाड़ को (घ) मेघ और बादल को	
IV	**निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी 1 प्रश्न का उत्तर लिखिए :-** 1. **वस्तु विनिमय क्या है ?** **OR** 2. **मशीनी युग क्या है ?**	**1 x 2 =2**
	लेखन	
V	**किसी 1 विषय पर अनुच्छेद लेखन कीजिए [50-60 words]** 1. **अनुशासन का महत्त्व** **OR** 2. **मेहनत - जीवन में अनिवार्य**	**1 x 3 =3**
VI	**किसी 1 विषय पर नारा लेखन कीजिए** 1. **वन संरक्षण** **OR** 2. **पर्यावरण संरक्षण**	**1 x 2 =2**